# व्यापमं घोटाला : महिला डॉक्टर को जमानत

## नियत समय-सीमा में रूरल सर्विस बांड राशि जमा करने पर एनओसी से नहीं किया जाएगा वंचित

**जबलपुर, 27 जनवरी. मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस हिमांशु जोशी की युगलपीठ ने प्रदेश के बहुचर्चित व्यापमं घोटाले की आरोपी डॉ. आकांक्षा तोमर को सशर्त राहत प्रदान की है.**



न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि याचिकाकर्ता निर्धारित समय-सीमा में रूल सर्विस बांड की राशि जमा कर देती हैं, तो केवल व्यापमं जांच लंबित होने के आधार पर उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र से वंचित नहीं किया जा सकता. हालांकि, कोर्ट ने जांच एजेंसियों की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता पर कड़ी शर्तें लगाते हुए उसके देश छोड़ने पर सशर्त रोक भी लगा दी है. दरअसल ग्वालियर निवासी आकांक्षा तोमर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर यह मांग की थी कि उन्हें रूरल सर्विस बांड से छूट दी जाए या फिर बांड की राशि जमा कर एनओसी जारी करने का आदेश दिया जाए. राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जान्हवी पंडित की दलील थी कि व्यापमं घोटाले की जांच अभी लंबित है और बांड समाप्त होने पर याचिकाकर्ता निगरानी क्षेत्र से बाहर जा सकती हैं. हाईकोर्ट ने कहा कि केवल आशंका के आधार पर याचिकाकर्ता के संवैधानिक अधिकारों को रोका नहीं जा सकता, जब जांच एजेंसी के हितों की रक्षा शर्तों के माध्यम से की जा सकती है. न्यायालय ने माना कि उचित सुरक्षा उपाय अपनाकर याचिकाकर्ता की स्पेशल कोर्ट और जाँच एजेंसियों के सामने उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है. हाईकोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता 30 दिनों के भीतर ग्रामीण सेवा बांड की राशि जमा करें.

### आरक्षण मामले में सपाक्स-अजाक्स की दलीलें पूरी

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट में प्रमोशन में आरक्षण को लेकर सरकार की नई पॉलिसी को चुनौती देने के मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई. इस दौरान अजाक्स और सपाक्स की ओर से दलीलें पूरी की गईं. सपाक्स ने हाईकोर्ट के सामने कर्मचारियों के ग्रेडेशन के आंकड़े भी रखे. मामले पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि नई प्रमोशन पॉलिसी में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का कहां पर पालन किया गया है. कोर्ट ने यह भी पूछा कि आरबी राय मामले में बताई गई कमियों को पूरा करने के लिए सरकार ने क्या किया है. हाईकोर्ट ने पूछा कि पुरानी पॉलिसी में किन सुधारों के बाद नई पॉलिसी लाई गई है. मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई तीन फरवरी को नियत की है. अजाक्स की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. केएस चौहान एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पक्ष रखते हुए हाईकोर्ट को बताया कि प्रमोशन 2025 के नियम 11 (1,2,3) सहित अन्य नियम पूर्णत: असंवैधानिक है.

# खड़ी कार में मिला पुजारी का शव

**सिर में गोली लगने से मौत, शीशा तोड़कर खोला वाहन**

**इंदौर, 27 जनवरी. महालक्ष्मी नगर इलाके में मंगलवार सुबह एक सनसनीखेज मामला सामने आया, जहां सुनसान क्षेत्र में खड़ी एक कार के भीतर पुजारी का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया.**



कार अंदर से लॉक थी, जिसे पुलिस ने शीशा तोड़कर खोला. मौके से एक पिस्टल भी बरामद हुई है. सिर में गोली लगने से मौत की पुष्टि हुई है, हालांकि मामला आत्महत्या है या हत्या, इस पर अभी स्थिति साफ नहीं है, पुलिस सभी पहलुओं से जांच में जुटी है.

खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि मृतक की पहचान 36 वर्षीय सतीश शर्मा पुत्र कैलाश शर्मा के रूप में हुई है. सतीश मूल रूप से अशोक नगर जिले के रहने वाले थे और इंदौर में लसूड़िया मोरी स्थित एक मंदिर में पुजारी के रूप में कार्यरत थे, वे अपने परिवार के साथ इंदौर में रह रहे थे. परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं. सतीश शर्मा सोमवार देर शाम पत्नी से पाटनीपुरा से पूजा का सामान लेने की बात कहकर घर से निकले थे. देर रात करीब 11 बजे उनके रिश्तेदारों को एक फोन आया, जिसके बाद परिजन को अनहोनी की आशंका हुई. परिजनों ने सतीश की तलाश शुरू की और पुलिस को भी सूचना दी.

महालक्ष्मी नगर इलाके में सड़क किनारे खड़ी उनकी कार दिखाई दी. जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कार अंदर से बंद थी. शीशा तोड़कर कार खोली गई, जहां सतीश शर्मा का शव ड्राइवर सीट पर मिला. उनके सिर में गोली लगी हुई थी. कार के भीतर से एक पिस्टल भी बरामद की है. शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा है. पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि सतीश शर्मा की इलाके में रहने वाली एक युवती से दोस्ती थी, जिसे लेकर परिवार में तनाव चल रहा था. सोमवार को भी दोनों के बीच बातचीत होने की बात सामने आई है. पुलिस का कहना है कि फिलहाल ब्लैकमेलिंग जैसी कोई स्पष्ट स्थिति सामने नहीं आई है.

# हमलावरों ने जीजा-साले पर की फायरिंग

**सपनी दुआरी के सूनसान रास्ते में हुई घटना**

**सीधी, 27 जनवरी . जिले के जमोड़ी थाना क्षेत्र में सोमवार रात करीब 10 बजे दो बाइक सवार युवकों को हमलावरों ने गोली मार दी. दोनों के गर्दन में गोली लगी है. इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए.**



उन्हें जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात तत्काल संजय गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रीवा रेफर किया गया , जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है. घायल युवकों की पहचान मानिक यादव निवासी ग्राम सपनी दुआरी और उसके साले रजनीश यादव निवासी ग्राम पड़खुरी नंबर-1 के रूप में हुई है. दोनों धनखोरी से सपनी दुआरी लौट रहे थे. गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले जब वे एक सुनसान रास्ते से गुजर रहे थे, तभी पीछे से आई एक कार रुक गई और उसमें से दो अज्ञात व्यक्ति उतरे. कुल पांच राउंड फायर किए गए, जिनमें से तीन गोलियां युवकों को लगीं और दो मिस फायर हो गईं. घटनास्थल से पुलिस को तीन खाली खोखे भी बरामद हुए हैं.

## शिवाजी नगर में दो पक्षों के बीच विवाद में पथराव

**उज्जैन.** गणतंत्र दिवस की संध्या पर शिवाजी नगर में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया दोनों ओर से जमकर लाठी पथराव किया गया। सात लोग घायल हुए हैं। जिसमें महिलाएं भी शामिल है। पुलिस ने क्रॉस प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। नील गंगा थाना पुलिस ने बताया कि गणतंत्र दिवस की रात 9 बजे के लगभग हनुमान नाका शिवाजी नगर में रहने वाले बिजोरिया और बोरसी परिवार के बीच ऑटो के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान नवीन बिजोरिया और धर्मेंद्र बोरासी के बीच हाथापाई शुरू हो गई। कुछ देर में दोनों के परिवार भी आमने-सामने हो गए और पत्थर बाजी के साथ लाठियां चल पड़ी।

# भाई की हत्या के बावजूद नेत्रदान कर दिखाई मानवता

**दोस्ती का खौफनाक अंजाम, परिवार ने दिखाया बड़ा दिल**

**इंदौर, 27 जनवरी. एरोड्रम थाना क्षेत्र के 60 फीट रोड पर सोमवार रात दोस्ती के विवाद ने ऐसा हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक युवक की जान चली गई, जबकि उसकी बहन और मां गंभीर रूप से घायल हो गईं.**

वहीं मृतक के परिजनों ने गहरे दुख के बीच मानवता की मिसाल पेश करते हुए नेत्रदान का निर्णय लिया, जिसने हर किसी को भावुक कर दिया. थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि घटना सोमवार रात करीब 10 बजे की है. आरोपी युवक वेदांत सोलंकी, युवती विधि लखावत का दोस्त है. किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था. इसी विवाद के चलते वेदांत सोमवार रात विधि के घर पहुंचा और अंदर घुसते ही चाकू से हमला कर दिया. हमले में विधि, उसकी मां अनीता और भाई विधान घायल हो गए. जब विधान ने बहन को बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिए. गंभीर रूप से घायल विधान को परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे. हालत नाजुक होने पर उसे अरबिंदो अस्पताल रेफर किया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. वारदात के बाद आरोपी ने खुद को भी पेट में चाकू मार लिया.

### विवाद में रिटायर्ड पुलिसकर्मी के बेटे की हत्या



**इधर,** एरोड्रम थाना क्षेत्र की शुभम पैलेस कॉलोनी में बाइक की मामूली टक्कर को लेकर शुरू हुआ विवाद देर रात खूनी वारदात में बदल गया. चार बदमाशों ने एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी के बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. पुलिस ने देर रात दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य दो की तलाश जारी है. एरोड्रम थाना प्रभारी तरुण सिंह भाटी ने बताया कि सोमवार रात सूचना मिली थी कि शुभम पैलेस कॉलोनी में रहने वाले संजय सिंह बेस, उनके भांजे आरव सिंह बिष्ट और भाई तेजपाल सिंह रावत पर हमला हुआ है. परिजन तीनों को तत्काल मालवा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां देर रात उपचार के दौरान संजय सिंह बेस ने दम तोड़ दिया. पुलिस जांच में सामने आया है कि संजय अपने भांजे और भतीजे के साथ बाइक से डी मार्ट जा रहे थे. घर की गली के मोड़ पर शराब पी रहे दो युवकों से उनकी बाइक टकरा गई, जिस पर विवाद हो गया.

## एक नजर में



### बन्दुक की दुकान में ब्लास्ट, 4 गंभीर झुलसे

**रतलाम.** शहर के चांदनी चौक क्षेत्र में बन्दुक की दूकान के अंदर हुए ब्लास्ट में दुकानदार सहित तीन लोग गंभीर तरह से झुलसे है. जिन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया था. जहां 4 की हालत गंभीर होने से उन्हें मेडिकल कॉलेज बाद इंदौर रेफर किया गया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक लेब के अधिकारी विस्फोट के कारणों का पता करने में जुट गई है. शहर के मुख्य बाजार चांदनी चौक के लक्कड़पीठा रोड पर एक बन्दुक की दूकान में वेल्डिंग के दौरान जोरदार ब्लास्ट हो गया. चुकी बन्दुक की दूकान में बारूद होने से आग भभक उठी और तीन लोग गंभीर झुलस गए. हादसा इतना भयानक था की झुलसे लोग रोड पर आ गए और लोगो में अफरा तफरी का माहौल हो गया. गंभीर घायल दुकान मालिक यूसुफ अली निवासी सुतारो का वास, वेल्डिंग कारीगर शेख रफीउद्दीन निवासी बाईजी का वास, साथी नाजिर निवासी अर्जुन नगर को तुरंत जिला चिकित्सालय ले गए, जहा उनकी हालत गंभीर होने से मेडिकल कॉलेज के बाद डॉक्टर ने इंदौर रेफर कर दिया. सूचना मिलते ही एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड की गाडिया और पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए. फोरेंसिक लेब की टीम ने भी अधिकारियो के साथ घटना स्थल को मौका मुआवना किया. सुचना मिलते ही शहर महापौर प्रहलाद पटेल भी मौके पर पहुंचे. पुलिस को मौके से खाली कारतूस और बारूद मिला. पुलिस ने दुकान के अंदर से बड़ी मात्रा में रखी बंदूके एवं सामग्री को जब्त कर लिया है. अधिकारी विस्फोट की विस्तृत जानकारी में जुटे हुए है.

### उत्कृष्ट सेवा देने वाले पुलिस अधिकारी पुरस्कृत

**आलीराजपुर.** गणतंत्र दिवस के गरिमामय अवसर पर रक्षित केंद्र, आलीराजपुर में विशेष पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. जिसमे पुलिस अधीक्षक, श्री रघुवंश सिंह द्वारा वर्ष 2025 में कर्तव्यनिष्ठा और सराहनीय कार्य करने वाले जिले के विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान सम्मान समारोह के दौरान उन पुलिस कर्मियों को पुरस्?कृत किया गया जिन्होंने वर्ष 2025 के दौरान पुलिस विभाग के विभिन्?न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की थी. पुलिस अधीक्षक, श्री रघुवंश सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस गरिमामय 'पुरस्कार वितरण समारोह' का उद्देश्य केवल प्रमाण पत्र वितरण करना नहीं, बल्कि उन रक्षकों के मनोबल को बढ़ाना था जो दिन-रात समाज की सुरक्षा में तत्पर रहते हैं.




### यूजीसी के 'काले कानून' के विरोध में नारी शक्ति मैदान में

**जबलपुर.** बच्चों के शैक्षणिक भविष्य की रक्षा के लिए रानीताल चौक पर मप्र प्रगतिशील महिला ब्राह्मण महासभा द्वारा यूजीसी के उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु विनियमन 2026 के विरोध में काला कानून दहन किया.

# पुलिस रिमांड पर कांच फोड़ने वाली गैंग

**उज्जैन 27 जनवरी. एक माह पहले 3 थाना क्षेत्र में खड़ी कारों के कांच फोडक़र बैग उडने़ वाली ठक-ठक गैंग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**



गैंग के चार सदस्यों को रिमांड पर लेकर तीन को जेल भेजा गया है. गैंग से 4.20 लाख रुपये बरामद किए गए हैं शेष की बारामदगी के प्रयास जारी है. नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि 30 दिसंबर 2025 को प्रॉपर्टी ब्रोकर आकाश लश्करी की कार ट्रेजर बाजार के पास खड़ी थी. जिसका बदमाशों ने कांच खोलकर बैग चोरी कर लिया था. बैग में 20 लख रुपए नगद रखे थे. वारदात के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गए जिसमें आधा दर्जन से अधिक बदमाशी दिखाई दिए. पुलिस जांच में लगी थी तभी सामने आया कि कारो के कांच फोड़ने की वारदात महाकाल और माधव नगर थाना क्षेत्र में भी हुई है. फुटेज खंगालने पर सामने आया कि बदमाश हरसिद्धि पाल के समीप एक होटल में श्रद्धालु बनाकर ठहरे थे. होटल से जानकारी लेने के बाद बदमाश तमिलनाडु के होना सामने आए. जिनकी तलाश में एक टीम रावण की गई. कई दिन की तलाश के बाद गैंग में शामिल सात बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है.

## एकता, परंपरा और खुशियों से सजा महिलाओं का उत्सव

**जबलपुर.** भंवरताल स्थित पार्क में अयोध्यावासी महिला मंडल द्वारा पारंपरिक हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने एकजुट होकर एक-दूसरे को हल्दी और कुमकुम लगाकर पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की. महिलाओं को सामाजिक जुड़ाव, रिश्तों की मिठास और आपसी प्रेम को और मजबूत करने का अवसर दिया. कार्यक्रम की आयोजक भावना गुप्ता, अपर्णा ने हल्दी-कुमकुम के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह परंपरा महिलाओं के सौभाग्य और सामाजिक एकता का प्रतीक है.

# दहेज मांग के लिए क्रूरता साबित करना आवश्यक

## सरकार की तरफ से दायर अपील खारिज

**जबलपुर, 27 जनवरी. हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस बी पी शर्मा की युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि दहेज मांग के लिए क्करूरता साबित करना आवश्यक है.**

अभियोजन पक्ष के गवाह क्करूरता साबित नहीं कर पाते है तो आरोपी को सजा से दंडित नहीं किया जा सकता है। युगलपीठ ने दहेज हत्या के अपराध में आरोपी को दोषमुक्त किए जाने के खिलाफ सरकार की तरफ से दायर की गयी अपील को खारिज कर दिया। सरकार की तरफ से दायर अपील में कहा गया था कि डिंडौरी जिला न्यायालय ने अनावेदक को धारा 304 बी तथा धारा 498 ए के तहत दोषमुक्त किये जाने को चुनौती दी थी। सुनीला से रणजीत सिंह से जून 2020 में प्रेम विवाह किया था। शादी के एक साल के अंदर ही पति के साथ हुए कथित झगडे के बाद उसने 29 अप्रैल 2021 को आत्महत्या करने खुद को आग लगा ली थी और अगले दिन उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया था। डिंडौरी न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए आरोपी पति को दोषमुक्त कर दिया था। युगलपीठ ने प्रकरण का अवलोकन करने के बाद पाया कि अभियोजन गवाह तथा मृतिका की बहन ने स्वीकार किया कि दोनों में प्रेम विवाह किया था.

### सहायक आयुक्त को हाईकोर्ट ने जारी किया अवमानना नोटिस

**जबलपुर.** हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश के बावजूद भी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अनुपपुर ने निर्धारित समय अवधि में अभ्यावेदन का निराकरण नहीं किया. जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गयी थी. हाईकोर्ट जस्टिस डीडी बसंल ने सुनवाई कर सहायक आयुक्त को अवमानना नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है. याचिकाकर्ता सुल्तान की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि उनके पिता आदिवासी विभाग में सहायक अध्यापक के पद पर पदस्थ थे.

# खंडवा में 'बारूद' की बिसात, 2000 किलो विस्फोटक जब्त

**खंडवा, 27 जनवरी. मंगलवार रात्रि में खंडवा पुलिस दने शहर के रिहायशी इलाके में चल रही मौत की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए शहर को एक बड़े संभावित हादसे से बचा लिया है.**

सिहाड़ा रोड स्थित सम्यक गोल्ड कॉलोनी के एक सुनसान क्लब हाउस में चल रहे इस अवैध कारोबार पर कोतवाली पुलिस ने बीती रात दबिश देकर करीब 20 लाख रुपये कीमत का 2 टन अवैध विस्फोटक और सुतली बम जब्त किया है. पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शहर के सियासी गलियारों में हड ?प मच गया. इस काले कारोबार के तार कांग्रेस से जुड़े रसूखदारों से जुड़ते नजर आए. पुलिस सूत्रों और प्रारंभिक जांच में कांग्रेस नेता यशवंत सिलावट और पूर्व कोचिंग संचालक से पटाखा कारोबारी बने इमरान परियानी का नाम सामने आ रहा है. जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण आर्य अपनी टीम के साथ रात्रि गश्त पर थे, तभी मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि पॉश कॉलोनी के क्लब हाउस में भारी मात्रा में विस्फोटक तैयार किया जा रहा है और उसे परिवहन करने की तैयारी है. पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की, लेकिन रात के अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी मौके से भाग निकले. जब पुलिस टीम अंदर दाखिल हुई तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गई. कमरे में बारूद, गंधक, पोटाश और सुतली बमों का अंबार लगा था.

**रामवन बसन्तोत्सव** ▶ लोक कला और ग्राम्य संस्कृति को समेटे वाला आयोजन

# मेले में अवधी लोकगीतों ने बांधा समां

**सतना, 27 जनवरी. लोक कला और ग्राम्य संस्कृति को समेटे रामपुर बघेलान के प्रसिद्ध स्थल रामवन में आयोजित हो रहे पांच दिवसीय बसन्तोत्सव मेले में चौथे दिन ख्याति प्राप्त अवधी लोक गायिका वंदना मिश्रा लखनऊ के लोकगीतों की धूम रही.**



आयोजन के चौथे दिन 10 टीमों के खिलाड़ियों के बीच कबड्डी के शानदार मैच हुए. सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के मुख्यातिथ्य एवं महापौर योगेश ताम्रकार की अध्यक्षता में किया गया. रामवन के बसन्तोत्सव मेले में अवधी लोक गायिका वंदना मिश्रा की प्रस्तुतियों ने दर्शकों-श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया.

राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि ग्राम्य जीवन और लोक संस्कृति हमारी पहचान और क्षेत्र के प्राण होते हैं. लोकगीत और लोक नृत्य के माध्यम से उत्साह, उमंग और ऊर्जा के भाव जागृत होते हैं. उन्होंने कहा कि रामवन ने पर्यटन और धर्म स्थल के साथ ही मप्र में अलग पहचान बना ली है. रामवन विंध्य का गौरव के रूप में निखर रहा है. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह आदि उपस्थित रहे.

# हत्थे चढ़ी गैंग, 71 लाख की सामग्री जब्त

**खंडवा, 27 जनवरी. पुलिस ने गत दिनों पुनासा में हुई सनसनीखेज डकैती का पर्दाफाश करते हुए एक बड़ी कामयाबी हासिल की है. घटना 9 जनवरी की है, जिसमें शाम को पुनासा के कृष्णा ज्वेलर्स पर हुई इस वारदात ने पूरे निमाड़ अंचल को हिलाकर रख दिया था.**



पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में पुलिस ने न केवल 71.5 लाख रुपये की लूट की सामग्री (जेवरात व नकदी) बरामद की है, बल्कि अंतर्राज्यीय 'झाबुआ गैंग' के तीन शातिर डकैतों को भी धर दबोचा है. घटना के बाद पुलिस के पास सुराग के नाम पर केवल चश्मदीदों के बयान थे. जांच में सबसे अहम कड़ी तब मिली, जब गवाहों ने बताया कि फायरिंग करने वाला मुख्य आरोपी चलते समय लंगड़ाता है और उसकी उम्र 40-45 वर्ष के बीच है. इसी लंगड़ाहट और हुलिए के आधार पर पुलिस ने स्केच तैयार किए और तफ्तीश की दिशा तय की. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जबलपुर, मंडला और आसपास सक्रिय 12 संगठित गिरोहों की कुंडली खंगाली. जांच की सुई अंतत: झाबुआ की सकरिया रतन गैंग पर आकर रुकी, जो घटना के वक्त अपने इलाके से गायब थी. पुलिस ने मुखबिर तंत्र का इस्तेमाल करते हुए झाबुआ के बीहड़ों में डेरा डाला. आरोपियों को उनके गढ़ से पकड़ना मुश्किल था, इसलिए पुलिस ने उनके बाहर आने का इंतज़ार किया और सही मौका देखकर उन्हें घेर लिया.

## जिम में हुए मामूली विवाद पर युवक पर प्राणघातक हमला

**शहडोल, 27 जनवरी.** बुढ़ार रोड स्थित एक होटल में संचालित जिम में साउंड कम करने को लेकर हुए विवाद में तीन युवकों ने एक युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया. जिससे युवक के सिर-मुंह में गंभीर चोटें आईं. बता दें कि जिम में एक युवती द्वारा गाना धीमा करने की बात कहने पर कुछ युवकों द्वारा युवती से गाली-गलौज की जाने लगी, वहीं उसके दोस्त ने युवकों को मना किया जो कि युवकों को नागवार गुजरा और मामूली कहासुनी ने अचानक हिंसक रूप ले लिया और तीन युवकों ने मिलकर एक मना करने गए युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया.